an>

Title: Regarding increasing number of accidents taking place on NH No. 65 between Rajgarh and Siwani.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल के तहत अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। राÂट्रीय राजमार्ग नम्बर 65 मेरे चुरू लोक सभा क्षेत्र से गुजरता है, जो हरियाणा के अम्बाला से लेकर राजस्थान के पाली शहर तक जाता है। इस क्षेत्र का 35 किलोमीटर पार्ट, जो राजगढ़ से लेकर सिवानी के बीच में जाता है, उसमें काफी ब्लाइंड मोड हैं, ब्लाइंड स्पॉट्स हैं और घुमावदार मोड़ हैं। वहां आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पिछले महीने भी सात लोगों की हत्याएं हुई। मेरे क्षेत्र के लोकल विधायक के लड़के की भी एक्सीडैंट में बहुत दर्दनाक मौत हुई।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि इस मार्ग के सुधार, सौन्दर्यीकरण और शुद्धिकरण हेतु बजट का आवंटन करके घुमावदार मोड़ों को ठीक किया जाये। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri P.P. Chaudhary is allowed to associate with the matter raised by Shri Rahul Kaswan.